# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## मध्यावधि अभ्यास प्रश्न पत्र (2026-27)
## कक्षा-7, विषय-हिंदी

निर्धारित समय : 2.30 घंटे | अधिकतम अंक : 60

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
- इस प्रश्नपत्र में कुल 11 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्न पत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए।

---

### खंड-क (अपठित बोध)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

एक गुरु अपने आश्रम के लिए योग्य उत्तराधिकारी चुनना चाहता था। वह जानता था कि नेतृत्व के लिए केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि दूरदर्शिता और निर्णय क्षमता भी आवश्यक है। इसलिए उसने अपने तीन शिष्यों की परीक्षा लेने का निश्चय किया। तीर्थयात्रा पर जाने से पहले उसने प्रत्येक शिष्य को बीजों से भरी एक थैली दी और उन्हें सुरक्षित रखने को कहा। पहला शिष्य बीजों को थैली में ही संभालकर रखता रहा। दूसरे शिष्य ने उन्हें बेच दिया और आवश्यकता पड़ने पर नए बीज खरीदने का विचार किया। तीसरे शिष्य ने बीजों को भूमि में बो दिया तथा उनकी नियमित देखभाल की। कुछ महीनों बाद गुरु लौटे। पहले शिष्य के बीज सड़ चुके थे और दूसरे ने नए बीज प्रस्तुत किए। तीसरा शिष्य गुरु को बगीचे में ले गया, जहाँ उन्हीं बीजों से अनेक फूल और नए बीज तैयार हो चुके थे। उसकी दूरदर्शिता और सृजनात्मक सोच से प्रभावित होकर गुरु ने उसे अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया।

I. गुरु ने शिष्यों को बीज क्यों दिए थे? (1)

(क) उनसे खेती करवाने के लिए
(ख) उनकी योग्यता परखने के लिए
(ग) आश्रम का विस्तार करने के लिए
(घ) बीजों का संरक्षण करवाने के लिए

II. तीसरे शिष्य का कार्य सबसे प्रभावी क्यों माना गया? (1)

(क) उसने बीजों को सुरक्षित रखा।
(ख) उसने बीजों को पुनः खरीद लिया।
(ग) उसने बीजों का सदुपयोग किया।
(घ) उसने बीजों को बाज़ार में बाँट दिया।

III. तीसरे शिष्य के किन दो गुणों ने उसे अन्य शिष्यों से अलग और उत्तराधिकार के योग्य बनाया? (1)

IV. पहले और दूसरे शिष्य द्वारा बीजों को सुरक्षित रखने के लिए अपनाए गए उपायों में क्या अंतर था? (2)

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

हारा हूँ सौ बार, गुनाहों से लड़-लड़कर,
लेकिन बारंबार लड़ा हूँ मैं उठ-उठकर,
इससे मेरा हर गुनाह भी मुझसे हारा,
मैंने अपने जीवन को इस तरह उबारा।
डूबा हूँ हर रोज़, किनारे तक आ-आकर,
लेकिन मैं हर रोज़ उगा हूँ जैसे दिनकर,
इससे मेरी असफलता भी मुझसे हारी,
मैंने अपनी सुंदरता इस तरह सँवारी।

I. कविता का मुख्य भाव क्या है? (1)
क) सुख और निराशा
ख) संघर्ष और दृढ़ता
ग) क्रोध और द्वेष
घ) भय और चिंता

II. 'जीवन उबारने' से कवि का क्या आशय है? (1)
क) निराशा पर विजय पाकर आगे बढ़ना
ख) परिस्थितियों के सामने हार मान लेना
ग) प्रयास किए बिना सफलता चाहना
घ) बारंबार असफलता स्वीकार कर

III. यदि कोई व्यक्ति बार-बार असफल होने पर हार मान ले, तो काव्यांश के संदेश के अनुसार आप उसे क्या सलाह देंगे? (1)

IV. काव्यांश के आधार पर बताइए कि कवि ने स्वयं की तुलना 'दिनकर' (सूर्य) से क्यों की है? (2)

## खंड-'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए- (1x10=10)

I. 'वि' उपसर्गयुक्त एक शब्द लिखिए।
II. 'हल्का' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।
III. 'पन' प्रत्यय से निर्मित एक शब्द लिखिए।
IV. 'हम दिल्ली जा रहे हैं'- वाक्य को भूतकाल में परिवर्तित कर पुनः लिखिए।

निर्देशानुसार निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति करके वाक्य पुनः लिखिए-

V. राजा ने उसी समय मंत्री ____बुलाया। (उचित कारक चिह्न भरिए)

VI. ***‘<u>पक्षी</u>’*** को ______भी कहते हैं। (रेखांकित शब्द का पर्यायवाची लिखिए)

VII. ***‘यात्रा में <u>सुंदर बाग</u> भी दिखे’*** में ______ विशेष्य शब्द होगा। (रेखांकित भाग में से विशेष्य शब्द लिखिए।

सुमेलित कीजिए-

| | स्तंभ-अ (प्रयोग) | स्तंभ-ब (विराम चिह्न) |
|---|---|---|
| VIII. | क) जहाँ प्रश्न पूछा गया हो | ! |
| IX. | ख) थोड़ा विराम दर्शाने के लिए | ? |
| X. | ग) आश्चर्य प्रकट करने के लिए | , |

## खंड-‘ग’ पाठ्यपुस्तक

प्रश्न 4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

“एक समय की बात है कि एक निर्धन व्यक्ति के तीन बेटे थे। वह प्रायः अपने बेटों से कहता– “मेरे बेटो! हमारे पास न तो रुपया-पैसा है और न ही सोना-चाँदी। इसलिए तुम्हें एक दूसरे प्रकार का धन संचित करना चाहिए– हर वस्तु और स्थिति को पूर्णतः समझने और जानने का प्रयास करो। कुछ भी तुम्हारी दृष्टि से न बच पाए। रुपये-पैसे के स्थान पर तुम्हारे पास पैनी दृष्टि होगी और सोने-चाँदी के स्थान पर तीव्र बुद्धि होगी। ऐसा धन संचित कर लेने पर तुम्हें कभी किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी और तुम दूसरों की तुलना में उन्नीस नहीं रहोगे।”

I. गद्यांश के अनुसार निर्धन व्यक्ति के बेटों की संख्या थी- (1)

क) दो

ख) तीन

ग) चार

घ) पाँच

II. गद्यांश में प्रयुक्त पंक्ति– 'तुम दूसरों की तुलना में उन्नीस नहीं रहोगे' का क्या अर्थ है? (1)

(क) तुम दूसरों से कम योग्य नहीं रहोगे।

(ख) तुम दूसरों से अधिक धनवान बन जाओगे।

(ग) तुम दूसरों से दूरी बनाकर रखोगे।

(घ) तुम दूसरों की बातों पर निर्भर रहोगे।

III. 'कुछ भी तुम्हारी दृष्टि से न बच पाए' कथन से पिता अपने बेटों में किन गुणों का विकास करना चाहता है? (1)

(क) केवल वस्तुओं को ध्यान से देखना।

(ख) सूक्ष्म अवलोकन और पैनी दृष्टि विकसित करना।

(ग) दूसरों की कमियाँ पहचानने की आदत डालना।

(घ) बाज़ार की वस्तुओं की जानकारी बढ़ाना।

IV. निर्धन पिता भौतिक धन के स्थान पर किस प्रकार के धन को अधिक महत्त्व देता है? (1)

(क) भूमि और संपत्ति

(ख) सोना-चाँदी व आभूषण

(ग) तीव्र बुद्धि व सूझ-बूझ

(घ) व्यापारिक ज्ञान व अनुभव

प्रश्न 5. निर्धारित गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x2 =4)

क) कहानी 'नहीं होना बीमार' में बच्चा बीमारी का बहाना क्यों बनाता है?

ख) लेखक ने धरती को गुल्लक क्यों कहा है? पाठ 'पानी रे पानी' के आधार पर लिखिए।

ग) बिना ऊँट को देखे उन भाइयों ने उसके विषय में जानकारी कैसे दी? पाठ 'तीन बुद्धिमान' के आधार पर उचित तर्क दीजिए।

प्रश्न 6. निर्धारित गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

क) पाठ 'पानी रे पानी' के आधार पर जल संरक्षण (बचाव) के कोई दो उपाय लिखिए।

ख) कहानी 'नहीं होना बीमार' के अंत में बीमारी का नाटक कर रहे बच्चे को क्या सबक मिलता है?

ग) तीनों भाइयों के प्रति राजा की सोच बदलने का क्या कारण था? पाठ 'तीन बुद्धिमान' के आधार पर लिखिए।

प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

बिना विचारे जो करे सो पाछे पछिताय। (1x4=4)
काम बिगारे आपनो, जग में होत हँसाय।
जग में होत हँसाय, चित्त में चैन न पावै।
खान-पान सम्मान, राग-रंग मनहिं न भावै।
कह गिरिधर कविराय, दुख कछु टरत न टारे।
खटकत है जिय माँहि, कियो जो बिना विचारे।

I. कवि के अनुसार बिना सोचे कार्य करने का परिणाम क्या होता है?

क) पछतावा और दुख मिलना

ख) सम्मान और यश मिलना

ग) सुख-सुविधा बढ़ जाना

घ) सफलता और लाभ होना

II. "काम बिगारे आपनो" पंक्ति का आशय क्या है?

क) अपना हित स्वयं खोना

ख) परहित में जीवन देना

ग) समय पर श्रम कर लेना

घ) दूसरों से बैर बढ़ाना

III. "चित्त में चैन न पावै" से क्या भाव प्रकट होता है?

क) जीवन में लाभ न बढ़ना

ख) तन को आराम न मिलना

ग) मन को शांति न मिलना

घ) कार्य में सफलता मिलना

IV. कवि इस काव्यांश के माध्यम से क्या सीख देना चाहते हैं?

क) सोच-समझकर कार्य न करना

ख) विचारकर निर्णय न लेना

ग) जग में हँसी का पात्र बनना

घ) सोच-समझकर कार्य करना

प्रश्न 8. निर्धारित पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x2=4)

क) आपके अनुसार माँ ने कहानी के अंत का निर्णय पुत्र राहुल पर क्यों छोड़ा होगा? तर्क दीजिए।

ख) ऐसी कौन सी परिस्थितियाँ हैं जो फूल और काँटे को समान रूप से मिलती हैं? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।

ग) "खान पान सन्मान राग रंग मनहिं न भावै"- इस मनोदशा से बचने के लिए गिरिधर कविराय ने कौन-सी सावधानी बरतने की सलाह दी है?

प्रश्न 9. निर्धारित पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

क) कविता 'माँ, कह एक कहानी' 'मारने वाले से, बचाने वाले' को अधिक श्रेष्ठ मानने की सीख देती है। स्पष्ट कीजिए।

ख) कविता 'फूल और काँटा' के आधार पर विश्लेषण कीजिए कि समाज में व्यक्ति की वास्तविक पहचान कुल से बनती है या उसके कर्मों से?

ग) 'बीती ताहि बिसारि दे आगे की सुधि लेई' पंक्ति द्वारा कवि ने क्या सलाह दी है?

## खंड-'घ' (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए- (1x6=6)

क) आप नमन/ नायरा हैं। अपने क्षेत्र में हो रही 'बिजली कटौती की समस्या' का समाधान करवाने का निवेदन करते हुए संबंधित अधिकारी को पत्र लिखिए।

**अथवा**

ख) आप नमन/नायरा हैं। ग्रीष्मावकाश में आपने कोई नया कौशल सीखा है। अपने अनुभव को साझा करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (1x6=6)

**क) भीषण गर्मी से बचने के उपाय**

संकेत बिंदु-

- पर्याप्त पानी पीना
- धूप से बचाव
- हल्के सूती वस्त्र पहनना

**ख) जल संकट और समाधान**

संकेत बिंदु-

- जल का संरक्षण
- वर्षा जल संचयन
- सोच-समझकर उपयोग

**ग) साइबर सुरक्षा का महत्त्व**

संकेत बिंदु-

- ऑनलाइन ठगी से बचाव
- व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा
- सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग